ं प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे

प्रधानमंत्री सुन्दंर पिचाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस–एआई में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। नरेन्द्र मोदी ने दुनिया से भारत में आकर निवेश करने और भारत की युवा शक्ति पर विश्वास करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने पेरिस में ए.आई. एक्शन समिट में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई से मुलाकात के बाद ये टिप्पणी की। पिचाई ने इस मुलाकात को आशाजनक बताया। सोशल मीडिया पोस्ट में सुंदर पिचाई ने कहा कि ए.आई. द्वारा भारत में लाए जाने वाले अविश्वसनीय अवसरों और उन तरीकों पर चर्चा की गई, जिनसे भारत के डिजिटल परिवर्तन पर मिलकर काम किया जा सकता है।

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल पेरिस में 14वें भारत–फ्रांस मुख्य कार्यकारी अधिकारी–सीईओ मंच को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में भारत के बढ़ते आकर्षण पर प्रकाश डालते हुए इसकी स्थिर नीतियों और हाल के आर्थिक सुधारों पर बल दिया। उन्होंने बीमा क्षेत्र को 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश– एफडीआई के लिए खोलने, असैन्य परमाणु ऊर्जा में निजी भागीदारी की अनुमति देने और व्यापार करने में आसानी बढ़ाने के लिए कर संरचनाओं को सरल बनाने के बारे में बात की।

.............................................................................

फिन्ना सिंह परियोजना

केंद्र सरकार ने प्रदेश में दो बड़ी परियोजनाओं के लिए 72 करोड़ आठ लाख रुपए की धनराशि जारी की है। इस राशि से कांगड़ा जिला में बन रही फिन्ना सिंह परियोजना के लिए 67 करोड़ पांच लाख रुपए मिलेंगे, जबकि हमीरपुर जिला के नादौन की परियोजना को चार करोड़ 58 लाख रुपए का भुगतान होगा। केंद्र सरकार ने ये धनराशि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जारी की है। जलशक्ति मंत्रालय की ओर से इस संबंध में एक पत्र जारी किया गया है।

.............................................................................

महाकुंभ माघ पूर्णिमा

प्रयागराज के महाकुंभ में आज माघ पूर्णिमा के अवसर पर दिन में 12 बजे तक एक करोड़ 59 लाख से अधिक श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। इस दिन गंगा, यमुना और सरस्वती

के संगम में स्नान करना शुभ माना जाता है। यह कल्पवास करने के विशेष अनुष्ठान के अंत का भी प्रतीक है। इस भव्य उत्सव में 10 लाख से अधिक कल्पवासी शामिल होंगे। अब तक करीब 47 करोड़ 55 लाख श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। विश्व के सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन महाकुंभ मेला 13 जनवरी को शुरू हुआ। यहां दुनिया भर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

……………………………………………………………

रविदास जयंती

आज देश सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों में संत रविदास की जयंती मनाई जा रही है। 14वीं सदी के महान संत के अनुयायी हर वर्ष माघी पूर्णिमा पर वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर में श्री गुरु रविदास जन्मस्थान मंदिर में उनकी जयंती मनाने के लिए एकत्र होते हैं। सोलन के शामती स्थित मंदिर में रविदास की जयंती पर लोगों ने विधिवत पूजा अर्चजा की। इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ लंगर का भी आयोजन किया गया। मंदिर समिति सचिव रौशन लाल ने बताया कि संत रविदास जी पाखंडवाद के खिलाफ थे और उनकी शिक्षाओं पर चलना हमारा कर्तव्य है।

……………………………………………………………

सुरेश कश्यप

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि कांग्रेस में अंदरूनी कलह चरम पर है और पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि दिल्ली विधानसभा चुनाव गंभीरता से नहीं लड़ा गया, इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी इन चुनाव नतीजों से घबरा गई है। सुरेश कश्यप ने कहा कि हिमाचल कांग्रेस में नेतृत्व की लड़ाई आम बात है और पार्टी के विधायक अपने मुख्यमंत्री के प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हैं।

……………………………………………………………

राष्ट्रीय खेलें

उत्तराखंड में आयोजित 38वीं राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल प्रदेश की महिला हैंडबॉल टीम ने फाइनल मुकाबले में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। कप्तान मेनका पॉल के नेतृत्व में हिमाचल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा को सात गोल से मात देकर ये पदक हासिल किया। इस बार राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल प्रदेश ने दूसरा स्वर्ण पदक जीता है। इससे पहले महिला कबड्डी टीम भी स्वर्ण पदक हासिल कर चुकी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस शानदार विजय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

……………………………………………………………

पैंशनर बैठक

भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ ने अपनी मांगो को लेकर कल चम्बा में एक बैठक की। इस दौरान महासंघ के जिला अध्यक्ष बजीर सिंह यादव ने कहा कि वर्षों से पेंशनर अपनी मांगों को लेकर सरकार से बातचीत कर रह हैं लेकिन सरकार उनकी बातों को कतई भी गंभीरता से नहीं ले रही है।

........................................................................